## जब जनता ने करवाया विधायक जी को सच का सामना

# कीलर मार्ग के नाम से कुख्यात बड़वाह शहर से गुजर रहे इन्दौर-इच्छापुर मार्ग की दुर्दशा से आक्रोशित नागरिकों ने विधायक को सुनाई जमकर खरीखोटी

## आपके वादे अधूरे रह जाते हैं और लाशें हमको उठाना पड़ रही हैं विधायकजी : अरविंद पगारे

बड़वाह -नवरत्नमल जैन

**कसमें वादे प्यार वफा सब वादे है वादों क्या ... फिल्मी गाने की यह लाईन आज कल के राजनीतिज्ञों पर अक्षरशः सही साबित होती है। चुनाव का समय हो या कोई सामान्य अवसर हमारे नेता एवं सरकारे जनता के लिये घोषणाओं एवं वादों का पिटारा खोल देती है लेकिन जब वादा पूरा करने की बात आती है तो आम जनता को हमेशा निराशा का ही सामना करना पडता है। लेकिन जब जनता जागरूक होजाये और नेताओं के वादे खिलाफी की पराकाष्टा होने लगें तो फिर जनता अपने जनप्रतिनिधियों के सामने मुखर होने से भी नही चूंकती।**

**ऐसे ही सच का सामना बड़वाह विधायक श्री सचिन बिरला को उस समय करना पडा जब उन्हे कुछ समाज सेवकों ने इन्दौर इच्छापुर मार्ग के चोडी करण एवं जानलेवा हालात के मरम्मत का वादा पूरा नही होने पर सार्वजनिक रूप से खरी खोटी सुनादी।**

**विधायक श्री सचिन बिरला आये तो थे बड़वाह के सिविल हास्पिटल में संजीवनी एम्बूलेंस की सौगात का लोकार्पण करने। वहां उन्होने एवं उपस्थित नेताओं ने हॉस्पिटल में निरंतर बढ़ रही स्वास्थ्य सुविधाओं का बखान करते हुये एम्बूलेंस की सौगात को शहर के लिये बडी उपलब्धि भी बताया लेकिन कार्यक्रम से बाहर आते ही जब शहर के कूछ नागरिकों ने विधायक जी के सामने इन्दौर-इच्छापुर मार्ग की जानलेवा दुर्दशा का सच दिखाते हुये खरी खोटी सुनाई तो एक बार तो उनको भी जवाब देते नही बना।**










### जानलेवा मार्ग पर जनप्रतिनिधि बने उदासीन

बड़वाह शहर के बीचोंबीच से गुजरनेवाले इन्दौर - इच्छापुर मार्ग की हालात पिछले कई दिनों से बहुत खराब है। इस खूनी कीलर मार्ग पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कई लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड रहा है। बारीश के दिनों में तो इस मार्ग की हालत और भी दयनीय हो चुकी है, जहां देखों वहां सडकों पर बडें बडे जानलेवा गढ्ढे नजर आरहे है जिसमें अनेक बार महिलाऐं, बच्चे एवं वाहन गिर रहे है। ऐसी हालत में लोगों का आक्रोश बढता जारहा है।

### नेताओं के वादे और शिलान्यासों का सिलसिला जारी है लेकिन सड़क की हालत आज भी जानलेवा...

वर्तमान विधायक श्री सचिन बिरला जब कांग्रेस में थे उस समय उन्होने इस मार्ग की मरम्मत के लिये करोडों की राशी मंजूर कर उसका श्रेय लेने में कोई कसर नही छोडी लेकिन सरकार चली गई लेकिन सड़क नही बनी। उसके बाद पूर्व सासंद श्री नंदकुमार सिंह चोहान ने भी इस मार्ग की मरम्मत के लिये टेंडर स्वीकृत होने एवं कार्य प्रारंभ होने का समारोह पूर्वक भूमिपूजन किया लेकिन दुर्भाग्य से पूर्व सासंद जी हमारे बीच नही रहे और वो काम भी नही हो पाया। आज भी जय स्तंभ चौराहे के निकट भूमिपूजन का वो शिलालेख जनप्रतिनिधियों को वादा खिलाफी का आईना दिखा रहा है। इसके बाद फिर विधायक जी ने कही बार इस सड़क के लिये राशी मजूर करवाने की बात सामने रखी लेकिन आज भी हालात बद से बदतर है। आखिर करोडों की मंजूर राशी कहां गई और कहा गया वो ठेकेदार जिसने इस मार्ग की रिपेयर का टेंडर लिया था। अभी भी जनता को यही वादे सुनाई दे रहे है कि जल्द ही इस सडक की मरम्मत करवायेगें लेकिन लोगों का अब जनप्रतिनिधियों पर विश्वास कम आक्रोश ज्यादा दिखाई देरहा है।



### लोगों ने किया विधायक का घेराव .. और करवाया वादाखिलाफी के सच का सामना

एम्बूलेंस लोकार्पण के बाद जैसे ही विधायक श्री सचिन बिरला कार्यक्रम स्थल से बाहर आये तो सामाजिक कार्यकर्ता श्री अरविंद पगारे एवं उनके साथियों ने विधायक जी को घेर लिया तथा इस सडक की रिपेयर के किये गये वादे पर जवाबतलब करने लगे। उन्होने कहा कि विधायक जी बड़वाह की जनता के साथ बहुत होचुकी वादा खिलाफी। आपने अनेक बार इस मार्ग के चोडीकरण एवं रिपेयर के वादे किये ,करोडों की सौगात के बड़े- बड़े हार्डिंग लगवाय लेकिन आज तक कोई काम नही हुआ। आपके वादे केवल वादे रह गये। उन्होने कहा कि आप केवल वादे करके चले जाते है लोगों की लाशें हमको उठाना पडती है। यदि इस सड़क का चोडीकरण होजायेगा तो अस्पतालों में इन एम्बूलेंसों की जरूरत ही नही पडेगी।

### विधायक जी ने फिर किया वादा जल्दी होगी इसके लिये राशी मंजूर-

लोगों के आक्रोश को देखते हुये विधायक जी ने एक बार फिर वादा किया कि वे जल्द ही फिर से 18 करोड़ की राशी मंजूर करवाकर कर इस सड़क की मरम्मत एवं चोडी करण का कार्य करवायेगें। उन्होने यह भी कहा कि चोडी करण में बाधा चाहे जिसकी भी हो और कैसी भी हो उसे नही बख्सा जायेगा। लेकिन अब देखना यह है कि विधायक जी के इस नये वादे का क्या परिणाम निकलता है। यह वादा भी वादा ही रहता है या इस रोड़ की दशा सुधरती है।

### यदि अभी भी नही हुआ वादा पूरा तो आने वाले विधानसभा चुनाव में विधायक जी के की बढ़ेगी मुश्किले..

सोमवार को सुबह भी कुरावद के पास एक बस ने एक बाईक सवार को टक्कर मारदी जिससे लहूलुहान युवक को शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कुछ ही दिन पहले एक महिला चलती बाईक से उछलकर सड़क के गढ्डों में गिर पडी। ऐसी अनेक घटनाओं के साथ ही लोगों का गुस्सा भी बढता जारहा है। नगर के कुछ युवाओं ने इस मांग को लेकर अब अनिश्चतकालीन धरना भी प्रारंभ कर दिया है। यदि अभी भी इस मार्ग को दुरूस्त नही किया गया तो आने वाले चुनाव में विधायक जी को मुश्किलों का सामना करना पड सकता है। बड़वाह शहर एवं आसपास का क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है जहां से उन्हे निर्णायक बढ़त मिलती है ऐसे में यदि यहां के लोगों की नाराजगी बढी तो विधायक जी को बडे चुनावी नुकसान के लिये भी तैयार रहना होगा।

# उपाध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल ने नपा पहुंचकर सुनी लोगों की समस्याएं और किया हल करने का प्रयास

## कई वार्ड पार्षदों ने भी नपा पहुंचकर किया वार्ड की समस्याओं को दूर करने का प्रयास



बड़वाह - हालाकि अभी बड़वाह नगरपालिका में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने विधिवत कार्यभार नही सम्हाला है लेकिन सोमवार को नवनिर्वाचित नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल ने नगरपालिका स्थित उपाध्यक्ष कार्यालय में पहूंचकर जनसमस्या निवारण का अपना दायित्व सम्हालना प्रारंभ कर दिया। उन्होने नगरपालिका में अपनी समस्याओं को लेकर आये नागरिकों की तकलीफों को सुना एवं उसके निवारण का त्वरित प्रयास किया। इसके साथ ही सोमवार को वार्ड 13 के पार्षद श्री बबलू चोरसिया, वार्ड 8 के अनिल कानूनगो तथा वार्ड 6 के पार्षद श्री जिम्मी तौमर ने भी अपने अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर नगरपालिका अधिकारियों को त्वरित निवारण केलिये आगाह किया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल ने कहा कि नगर के नागरिकों ने जिस अपेक्षा के साथ हमे चुना है उस पर खरा उतरने का हम पूरा प्रयास करेगें।

विधिवत प्रभार कभी भी ले लेकिन जन समस्याओं के लिये हमारी परिषद के सभी पार्षदों के दरवाजे हमेशा खुले मिलेगे। उन्होने नगरपालिका कर्मचारियों को भी आगाह किया कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्याओं के लिये बार बार चक्कर नही काटना पडे। उनके साथ अच्छा व्यवहार हो और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकण होना चाहिये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी।

# सरकारी राशन दुकान का संचालक ही गरीबों का चावल बेचने जा रहा था, खाद्य विभाग ने पकड़ा



बड़वाह - सरकार गरीबों के लिये कितनी भी योजनाऐं चलाले , कितना भी निःशुल्क अनाज , चावल बांटने का दावा करे लेकिन सरकारी राशन दुकानों के सचांलक ही सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नही आरहे है। बड़वाह क्षेत्र के अस्तरिया फाटें पर खाद्य विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि कोई व्यक्ति सरकारी दुकानों पर गरीबों को दिया जाने वाला चावल बाजार में बेचने के लिये जारहा है। ऐसे में खाद्य विभाग एवं पुलिस की टीम तत्काल अस्तरिया पहूंची और सहयाक नीरीक्षक दिनेश उपाघ्याय ने चावल से भरी गाडी को रोका।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रीति राठोर ने बताया कि पकडे गये वाहन से कुल 11 क्विंटल 31 किलो चावल मोजूद था। इस चावल को बेचले लेजारहे दुकान संचालक कैलाश वर्मा पिता छितु वर्मा निवासी सेमरला को भी पकड कर पुलिस थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो दुकान पर ही उपभोक्ताओं से चावल खरीदकर बाजार में किसी व्यपारी के यहां बेचने जारहा था। खाद्य विभाग ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया अब इस प्रकरण को आगामी कार्यवाही के लिये के लिये कलेक्टर न्यायालय भेजा जारहा है।

## खरगोन में ठग साधु का कारनामा-

# व्यापारी को रुद्राक्ष और सिक्का देकर फंसाया, लग्जरी कार से आया साधु-सोने की चेन लेकर भागा

आशीष गुप्ता-खरगोन



खरगोन के विश्वसखा कॉलोनी में किराना के थोक व्यापारी और शिवड़ोला समिति के अध्यक्ष नवनीतलाल महाजन रविवार को ठगी का शिकार हो गए। रविवार सुबह करीब 7.50 को वे घर के बार गायों को रोटी दे रहे थे। तब कथित नागा साधु के वेश आए ठगों ने व्यापारी महाजन से अन्य कॉलोनी में जाने का रास्ता पूछा। इस दौरान व्यापारी को साधू के वेश में आए ठग ने सम्मोहित कर उनके गले से पांच तोले वजनी सोने की चैन उतरवाकर मौके से रफ्फूचक्कर हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद व्यापरी महाजन ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की। महाजन ने बताया कि सोने की चैन की कीमत करीब ढाई लाख रुपए हैं।

### सफदे रंग की कार से आए थे ठग, बिस्टान की ओर भागे

किराना व्यापारी महाजन ने बताया कि उनके विश्वसखा कॉलोनी स्थित निवास पर रविवार सुबह 7.50 बजे एक सफेद रंग की बिना नंबर की कार आकर रुकी। इस दौरान वे उनकी माता की पुण्यतिथि के मौके पर गाय को खिचडी और पुड़ी खिला रहे थे। इस दौरान महाजन चड्?डी बनियान में ही थे। सफेद रंग की कार में ड्रायवर सीटी के पास एक नागा साधू के वेश में एक व्यक्ति बैठा था। उन्होंने राधाकृष्ण कॉलोनी में जाने का रास्ता पूछा। महाजन ने उन्हें इस नाम की कोई भी कॉलोनी क्षेत्र में नहीं होने की बात कही। तभी साधू के वेश में बैठे व्यक्ति व्यापारी से बातचीत करने लगा। तब तक कार चालक ने कार को पलटा लिया।

### मामले की जांच में जुटी है पुलिस

इस मामले को लेकर एसडीओपी राकेश शुक्ला ने बताया कि व्यापारी के साथ ठगी हुई है। कार से आए ठगों में तीन लोग थे। जिसमें एक 70 वर्षीय साधू के वेश में था और दो युवक थे। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर टीम गठित कर आरोपियों की सर्चिंग शुरु कर दी है। शहर में सीसीटीवी फूटेज में कार नहीं दिखाई दी है। जिसे के साथ ही आसपास के जिलों की पुलिस को भी पूरे मामले से अवगत करा दिया है। फिलहाल मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 1 रुपए का सिक्का और रुद्राक्ष देकर कहा करोडपति बन जाओंगे

महाजन ने बताया कि इस दौरान साधू के वेश में बैठक व्यक्ति ने कहा कि हम बाहर के नागा साधू है। एक रुपये का सिक्का निकालकर चुम कर मुझे दिया, फिर रुद्राक्ष निकालकर चुमकर दिया और बोला की तुम इनको अपनी पुजा में रख देना, तुम करो?पति हो जाओंगे। इसके बाद साधू ने हाथ में पहनी चांदी की अंगुठी मांगी, जो मैंने उसकी बातों में आकर दे दी। साधू ने अंगूठी को चुमकर वापस दे दी। इसके बाद गले पहनी चांदी मांगी तो उसे भी निकालकर मैने दे दी। साधू ने चैन को भी चुमकर वापस दे दी। महाजन ने बताया कि इस प्रक्रिया के बाद वे साधू के भरोसे में आ गए थे। इसके के बाद साधू ने गले पहनी पांच तोला वजनी सोने की चैन मांगी। जिसे व्यापारी महाजन ने भरोसे आ कर उतारकर साधू को दे दी। सोने की चैन लेकर साधू गा?ी की ओर जाने लगा और उसका साथी ड्रायवर कार को धीरे-धीरे आगे ब?ाने लगा। इस दौरान महाजन साधू से सोने की चैन वापस मांगते रहे। साधू के रुप में आए ठग देता हूं कह कर कार से बिस्टान की ओर रफ्फूचक्कर हो गए। महाजन ने घर में आ कर कप? पहने और बिस्टान रोड पर आरोपियों की तलाश की। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रीत। प्रधान संपादक नवरत्नमल जैन नवनीत इंदौर फोन: ( 0731 )2571009, बड़वाह ( 07280 )224750, मो. 9407133337